NEWS CLIPPING: 09.03.2017

DAINIK JAGRAN

निबंध लेखन में अनुष्का निगम को पहला पुरस्कार मिला

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बुधवार को वाईएमसीए विश्वविद्यालय में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता मे पोस्टर बनाती छात्राएं।

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस निबंध, कविता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताओं में 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण पर विशेषज्ञ व्याख्यान भी हुआ।

प्रतियोगिता में निबंध लेखन में इलेक्ट्रिकल प्रथम वर्ष की अनुष्का निगम को पहला पुरस्कार मिला। एमटेक इलेक्ट्रिकल के रूपक दूसरे स्थान पर और इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष के जश्न तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार आईटी की वैशाली को मिला। इलेक्ट्रॉनिक्स से विवेक गौड़ दूसरे व रजत चोपड़ा तीसरे स्थान पर रहे। स्लोगन लेखन में इलेक्ट्रॉनिक्स की नेहा सिंह पहले, दीपाली दूसरे और अर्चना यादव तीसरे स्थान पर रहीं।

इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि महिला दिवस समाज में महिलाओं के योगदान को पहचान देने का दिन है। महिलाओं को साहस, आशा व जीवन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में हम सभी को समाज में महिलाओं की स्थिति को सम्मानजनक बनाने तथा उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित बनाने के लिए प्रण लेना चाहिए।

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 09.03.2017

DAINIK BHASKAR

फरीदाबाद. वाईएमसीए कॉलेज में महिला दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों के साथ कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा

NEWS CLIPPING: 09.03.2017

PUNJAB KESARI

वाईएमसीए में महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार

- कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया
- 250 से अधिक छात्रों ने लिया इसमें हिस्सा

वाईएमसीए में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। *(रजत)*

फरीदाबाद, 8 मार्च (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 250 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ अंजू गुप्ता की देखरेख में महिलाओं से जुड़े विषयों पर निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा महिलाओं से संबंधित विषयों पर लघु नाटिका व कविताएं भी प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्यरत डॉ. दुर्गा ए सिन्हा मुख्य वक्ता रही तथा महिला सशक्तिकरण व अधिकारों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे: निबंध लेखन में इलेक्ट्रिकल प्रथम वर्ष की अनुष्का निगम को पहला पुरस्कार मिला। दूसरे स्थान पर एमटेक इलेक्ट्रिकल का रूपक व तीसरे स्थान पर इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष का जश्न रहा। इसी प्रकार, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार आईटी की वैशाली को मिला। इलेक्ट्रॉनिक्स से विवेक गौड़ दूसरे तथा रजत चोपड़ा तीसरे स्थान पर रहा। स्लोगन लेखन में इलेक्ट्रॉनिक्स की नेहा सिंह पहले, दीपाली दूसरे तथा अर्चना यादव तीसरे स्थान पर रही।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 09 March 2017
epaper.punjabkesari.in//c/17417938

NEWS CLIPPING: 09.03.2017

NAVBHARAT TIMES

स्टूडेंट्स को दिए टिप्स

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के करियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ की ओर से वैदिक क्लब के सहयोग से 'समय प्रबंधन' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। क्लब के संस्थापक व मुख्य वक्ता ब्रजमोहन दास ने स्टूडेंट्स को समय प्रबंधन के टिप्स दिए। कार्यक्रम का समन्वयन प्रकोष्ठ के सदस्य सहायक प्रफेसर भारतभूषण की ओर से किया गया।

HINDUSTAN

वाईएमसीए में समय प्रबंधन पर गोष्ठी

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वैदिक क्लब के सहयोग से करियर एवं परामर्श प्रकोष्ठ पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें समय प्रबंधन विषय पर चर्चा हुई। इसमें आईआईटी स्नातक के छात्रों ने भाग लिया। क्लब के संस्थापक ब्रज मोहन दास मुख्य वक्ता रहे।